जबलपुर | मंगलवार | 10 मार्च 2026 | वर्ष 77 | अंक 46 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से
जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण


5 पहले मधेसी प्रधानमंत्री बनेंगे बालेन शाह



6 निजी विश्वविद्यालयों की लूट-खसोट


7 कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर के पार


8 3पी राइफल में तिलोत्तमा की तीसरी जीत

# रामनिवास रावत होंगे नए विधायक


मुकेश मल्होत्रा : इनका चुनाव शून्य घोषित हुआ.


फैसले के बाद रामनिवास रावत को मिठाई खिलाते समर्थक.

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ की एकलपीठ ने विजयपुर से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा का चुनाव शून्य घोषित कर दिया है. विजयपुर से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने एक याचिका दायर कर कहा था कि मल्होत्रा ने उपचुनाव के दौरान जो नामांकन दाखिल किया था, उसमें अपने आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाई थी.**

मल्होत्रा के ऊपर 6 आपराधिक मामले दर्ज थे, जबकि उन्होंने अपने नामांकन में महज 2 मामले ही बताए थे. रामनिवास रावत अब विजयपुर विधानसभा सीट से नए विधायक होंगे. हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच के जस्टिस जीएस अहलूवालिया ने यह फैसला सुनाया. कोर्ट ने फैसला सुनाया कि रामनिवास रावत उपचुनाव में दूसरे नंबर पर आए थे, इसलिए मुकेश मल्होत्रा का चुनाव रद्द किया जाता है. साथ ही रावत को विजयपुर का विधायक घोषित किया जाता है.

मल्होत्रा के वकील प्रदीप बिसोरिया ने बताया कि भाजपा उम्मीदवार राम निवास रावत की फाइल की गई पिटीशन में दो मामलों में जानकारी छिपाने का आरोप लगाया गया है. एक जिसमें निपटारा हो चुका था. दूसरा जिसमें आरोपों के बारे में जानकारी छिपाने की बात थी. कोर्ट के फैसले के बाद हमने एक एप्लीकेशन फाइल की है, जिसमें कहा है कि हम अपील करने के हकदार हैं. ( **शेष पेज 12 पर** )

# भारतीयों की सुरक्षा पर भारत सरकार सतर्क

**नई दिल्ली, 09 मार्च. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को संसद में कहा कि भारत सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं.**

लोकसभा और राज्यसभा में 'पश्चिम एशिया की स्थिति' पर दिए गए अपने वक्तव्य में जयशंकर ने बताया कि 28 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष में इजराइल और अमेरिका एक तरफ हैं और दूसरी तरफ ईरान है, जबकि कई खाड़ी देशों परभी हमले हुए हैं. इस संघर्ष में भारी जनहानि और बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ है.


पश्चिम एशिया संकट पर जयशंकर का बड़ा बयान

### हंगामा भरा रहा बजट सत्र के दूसरे चरण का पहला दिन

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का पहला दिन हंगामा भरा रहा. हंगामे की वजह से लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई. लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी, लेकिन विपक्ष ने इस विषय पर चर्चा करने की अपेक्षा अमेरिका-इजराइल और ईरान के युद्ध पर हंगामा किया. सूत्रों के अनुसार विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा करने से बच रहा है.



भारत ने अपना तीसरा T20 वर्ल्ड कप जीता !

## टैक्स चोरी की जांच में बिना सूचना डिजिटल डेटा खंगालने की छूट


**नयी दिल्ली, 09 मार्च.** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका को सुनने से इनकार कर दिया, जिसमें आयकर विभाग की छापेमारी की शक्तियों को चुनौती दी गयी थी. याचिकाकर्ता ने आयकर अधिनियम के उन नियमों पर सवाल उठाये थे, जो टैक्स चोरी की जांच के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के तलाशी, जब्ती और डिजिटल डेटा (जैसे मोबाइल, ईमेल, क्लाउड स्टोरेज) खंगालने की अनुमति देते हैं. इस याचिका में आयकर अधिनियम 1961 के मौजूदा नियमों और एक अप्रैल से लागू होने वाले आयकर अधिनियम 2025 के नये ढांचे पर आपत्ति जतायी गयी थी.

# बजट में देश की प्रगति की तस्वीर

- पीएम मोदी बजट की राष्ट्रीय वेबिनार की चौथी कड़ी में बोले
- सबका साथ सबका विकास सरकार की प्राथमिकता

**नई दिल्ली, 09 मार्च ( वार्ता ) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति को अपनी सरकार का संकल्प बताते हुए कहा कि इसके लिए शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य , पर्यटन एवं खेलकूद तथा सांस्कृतिक क्षेत्र को बड़ा माध्यम है.**

पीएम मोदी ने बजट में इन क्षेत्रों में देश की प्रगति के लिए उठाए गए कुछ कदमों का उल्लेख किया और सभी हितधारकों से बजट घोषणाओं पर चर्चा कर के कारगर कार्यान्वयन पर सुझाव देने की अपील की. प्रधानमंत्री बजट के बाद उस पर राष्ट्रीय वेबिनार की श्रृंखला की इस बार की चौथी कड़ी में 'सबका साथ सबका विकास - जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर आयोजित चर्चा का उद्घाटन कर रहे थे.



प्रधानमंत्री ने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों पर सरकार की प्राथमिकता को रेखांकित करते हुए भारत की शिक्षा प्रणाली को वास्तविक वैश्विक अर्थव्यवस्था से जोड़ने, वरिष्ठ नागरिकों की बढ़ती आबादी की सेवा सुश्रुषा के लिए प्रशिक्षत पेशेवरों को तैयार करने तथा टेली-मेडिसिन के प्रसार, युवा शक्ति को अनुशासित और स्वस्थ बनाने के लिए खेल कूद के प्रोत्साहन तथा पर्यटन विकास के लिए समग्र सोच के साथ काम करने की आवश्यकता पर बल दिया.

उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा को रोजगार और उद्यमशीलता से जोड़ने के लिए निरंतर काम कर रही है. देश एनिमेशन, दृश्य प्रभाव, डिजिटल खेल और हास्य व्यंग के लिए डिजिटल सामग्री निर्माण ( ए.वी.जी.सी) क्षेत्र को बढ़ावा दे रहा है. उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित-विज्ञान की पढ़ाई और इसमें बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने पर सुझाव आमंत्रित किए.

## एक नजर में

### अमेरिकी संसद में एच-1बी वीजा प्रतिबंध खत्म करने विधेयक पेश

**वॉशिंगटन.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा से संबंधित लागू किए गए कड़े प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में एक नया विधेयक पेश किया गया है. डेमोक्रेटिक सांसद बोनी वॉटसन कोलमैन ने यह विधेयक पेश कर राष्ट्रपति ट्रंप के उस फैसले को निरस्त करने की मांग की है, जिसमें एच-1बी वीजा पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियुक्त करने वाले नियोक्ताओं पर सख्त वेतन शर्तें और भारी शुल्क लगाए गए थे. राष्ट्रपति ट्रंप ने सितंबर 2025 में एक ऐसे फैसले की घोषणा की थी, जिसके तहत एच-1बी वीजा कर्मचारियों के लिए अनिवार्य वेतन स्तर को काफी बढ़ा दिया गया और ऐसे कर्मचारियों को रखने वाले नियोक्ताओं पर एक लाख डॉलर का शुल्क भी लगाया गया.

## गुस्ताखी माफ




# इजराइल ने फिर ईरान पर किए हमले

**तेहरान/तेल अवीव, 09 मार्च. अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 10वां दिन है. इजराइल ने एक बार फिर ईरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले शुरू किए हैं. इजराइली सेना के मुताबिक राजधानी तेहरान, मध्य ईरान के इस्फहान, अब्बास बंदरगाह और दक्षिणी इलाकों में ईरानी शासन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर एयरस्ट्राइक किए जा रहे हैं.**

इजराइली सेना ने कहा कि उसने ईरान में वाइड-स्केल हमलों की नई लहर शुरू की है. इन हमलों में कई शहरों को एक साथ निशाना बनाया गया. इजराइल का दावा है कि हमले ईरानी शासन के ढांचे से जुड़े ठिकानों को लक्ष्य बनाकर किए जा रहे हैं. ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि जब तक हमले जारी हैं, तब तक बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं है और ईरान निर्णायक जवाब देने पर ध्यान दे रहा है. लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में भी कई एयरस्ट्राइक की खबरें सामने आई हैं.

### मोजतबा खामेनेई को चुना ईरान का नया सुप्रीम लीडर



वहीं अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अब उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सुप्रीम लीडर चुना गया है. इसने ईरान की इस्लामिक सरकार के समर्थकों के अंदर एक नया जोश भर दिया है. नए सुप्रीम लीडर के आते ही ईरान ने इजरायल के खिलाफ जोरदार हमला बोल दिया है. वहीं एक रिपोर्ट में दावा किया कि इजराइल के हमले में मोजतबा खामेनेई घायल हो गए है.

## कूनो में ज्वाला ने जन्मे 5 शावक

**श्योपुर, 09 मार्च. श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से फिर खुशखबरी आई है. नामीबियाई मादा चीता ज्वाला ने 5 स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है. इसके साथ ही अब भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 53 हो गई है.**


वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ज्वाला और उसके पांचों नवजात शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं. विशेषज्ञों की टीम सीसीटीवी और मैदानी निगरानी के जरिए शावकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर नजर रख रही है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस जानकारी को साझा करते हुए इसे प्रोजेक्ट चीता और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है. उन्होंने लिखा कि कूनो में आने के बाद ज्वाला ने यहां के वातावरण को पूरी तरह अपना लिया है और वह पार्क की सबसे सफल मादा चीताओं में शुमार हो गई है.


अब भारत में कुल 53 चीते हुए

## मैनचेस्टर जा रही उड़ान आधे रास्ते से दिल्ली लौटी

**नई दिल्ली, 09 मार्च.** इंडिगो की दिल्ली से मैनचेस्टर जा रही उड़ान को हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंध के कारण आधे रास्ते से वापस लौटना पड़ा. एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या 6ई 033 ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से ब्रिटेन के मैनचेस्टर के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन अंतिम समय में हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंधों के कारण उसे रास्ते से दिल्ली वापस लौटना पड़ा. सूत्रों के अनुसार, विमान में 250 से ज्यादा लोग सवार थे. प्रवक्ता ने बताया कि पश्चिम एशिया में और आसपास के इलाकों में मौजूदा हालात के कारण ऐसा हुआ है.




**बोले सीएम** भाजपा ने कभी अपनी विचारधारा से समझौता नहीं किया

# टुकड़ों में बंटती जा रही है कांग्रेस : डॉ. यादव



**जबलपुर, 09 मार्च. भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और कार्यपद्धति से दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी है. हमारे संगठन की शक्ति ही है, जो हमारी सरकार को जनहितैषी कार्यों को निष्कलंक तरीके से पूरा करने के लिए प्रेरित करती है और संगठन की मजबूती व कार्यकर्ताओं को सक्रिय बनाए रखने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है.**

कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटा है, आपातकाल लगाया और आज भी न्यायपालिका व संवैधानिक संस्थाओं पर उंगली उठाती है. कांग्रेस पार्टी की कोई विचारधारा नहीं, इसलिए आज वह पार्टी टुकड़ों में बंटती जा रही हैं. ये सारी बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को रानीताल स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में कहीं.

मौका था पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यालय में आयोजित विषय वक्ता कार्यशाला के आयोजन का. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि कांग्रेस की स्थापना एक अंग्रेज ने की थी, लेकिन स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस को एक परिवार की पार्टी बना दिया गया, जबकि भाजपा हमेशा राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक एकता के लिए कार्य करती है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है. हमारे लिए देश की सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा सर्वोपरि है.